कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–2, जून 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ने रूफिंग सौल्युशंस के क्षेत्र में कदम रखे





KAMDHENU SHEETS







बुनियादी ढांचा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने कारोबार का एक नये क्षेत्र में विस्तार किया है। कंपनी ने रूफिंग सौल्युशंस के तौर पर कामधेनु शीट्स बाजार में पेश किया है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि टीएमटी स्टील, पेंट (**Colour Dreamz**), प्लाईवुड, Packaged Drinking Water की तरह ही कामधेनु शीट्स भी बाजार में कामयाबी का परचम लहराने में सफल रहेगा।

कामधेनु 1 जुलाई से बाजार में कामधेनु शीट्स मुहैया करायेगी। कंपनी ने फ्रैंचाइजी मॉडल के तहत हिमाचल प्रदेश में अत्याधुनिक प्लांट के जरिये कामधेनु शीट्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। कामधेनु शीट्स फिलहाल हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के बाजार में उपलब्ध है। टोरंट रूफिंग सिस्टम्स कामधेनु शीट्स के लिए लाइसेंस समझौते के तहत कंपनी की अधिकृत फ्रैंचाइजी पार्टनर है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने नये क्षेत्र में प्रवेश के मौके पर खुशी जताते हुए कहा, "कामधेनु ने खुद को बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी के तौर पर स्थापित कर लिया है। ऐसे में कंपनी का छतों से संबंधित उत्पाद मुहैया कराने के क्षेत्र में उतरने का फैसला लाजिमी था। कंपनी को स्टील क्षेत्र में अपने लंबे अनुभव का फायदा कामधेनु शीट्स के क्षेत्र में भी मिलेगा। कंपनी जल्दी ही देश के अन्य राज्यों में भी चरणबद्ध तरीके से कामधेनु शीट्स का विस्तार करेगी।"

कामधेनु शीट्स ब्रैंड के तहत कामधेनु कई तरह के रूफिंग उत्पाद मुहैया करा रही है। इनमें High-rib Profile Sheets, Tile Profile and Corrugated Sheets अहम हैं। कामधेनु के ये उत्पाद बेहद मजबूत होने के साथ हर तरह के मौसम से बचाव करने में सक्षम हैं। जंगरोधी होने के साथ इनकी खूबसूरती आंखों को भा जाने वाली है। वजन में हल्के कामधेनु शीट्स के उत्पाद जेब पर भी भारी नहीं पड़ते।

कामधेनु शीट्स के तीनों Colour Coated उत्पाद कई रंगों में उपलब्ध हैं। इनमें टूट–फूट का भी कोई खतरा नहीं है। कामधेनु शीट्स के उत्पादों को पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया है। कामधेनु शीट्स की Corrugated Sheets 0.4 मिली मीटर से लेकर 1.6 मिलीमीटर की मोटाई में उपलब्ध हैं। कामधेनु शीट्स के उत्पाद छतों को बेहद खूबसूरत बना देते हैं। कंपनी Corrugated Sheets के साथ गैलवेनाइज्ड Corrugated Sheets और गैलवेनाइज्ड सामान्य स्टील चादरें भी मुहैया कराती हैं। गैलवनाइज्ड चादरों में जंग लगने का खतरा बिल्कुल भी नहीं होता।

कामधेनु इस्पात ने कामधेनु शीट्स की मार्केटिंग जोर–शोर से शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू–कश्मीर में कंपनी के मौजूदा डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर ये उत्पाद बेचेंगे। साथ ही कंपनी ने कामधेनु शीट्स के लिए नये डीलर बनाने का काम भी शुरू कर दिया है।

**डीलरशिप के बारे मे अधिक जानकारी के लिये श्री मोहन अग्रवाल से 9815146463 पर संपर्क किया जा सकता है।**

# आकाश का परीक्षण सफल



भारत ने 6 जून को जमीन से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल का ओडिशा के चांदीपुर से परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा है। जिस आकाश मिसाइल का परीक्षण किया गया, वह उसका एयरफोर्स वर्जन है। पिछले कुछ हफ्तों मे आकाश मिसाइल का 5 बार परीक्षण किया जा चुका है।

सेना के मुताबिक मिसाइल के एयरफोर्स वर्जन को आरटीआई के जरिए लॉन्च कॉम्प्लैक्स–3 से छोड़ा गया। उन्होंने कहा, 'परीक्षण के दौरान मिसाइल ने समुद्र के ऊपर एक निश्चित ऊंचाई पर हवा में उड़ती वस्तु को निशाना बनाया जो एक पायलट रहित विमान के सहारे उड़ रही थी।

मोबाइल लॉन्चर की सहायता से किया गया यह परीक्षण अपने सभी मानकों पर खरा उतरा। एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल आकाश की मारक क्षमता 25 किलोमीटर है और ये एक बार में 60 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री ले जाने में सक्षम है।

# डिजिटाइजेशन की मियाद बढ़ी

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश के चार महानगरों में केबल टीवी के स्थान पर डिजिटल टीवी प्रसारण लागू करने का समय बढ़ा दिया है। अब यह एक नवंबर 2012 से लागू होगा।



ट्राई के मुताबिक पूरे देश में डिजिटल एड्रेसबल सिस्टम (डीएएस) दिसंबर 2014 तक लागू होना है और इसके तहत दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में यह प्रणाली एक जुलाई से लागू की जानी थी। इस प्रणाली को लगाने का काम 30 जून 2012 तक पूरा होना था। लेकिन ऐसा संभव नहीं होने की वजह से इसको पूरा करने की समय सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2012 कर दी गई है।

ट्राई के मुताबिक डीएएस एक नवंबर 2012 से इन चारों महानगरों में लागू होगा। अगले चार महीने सूचना और प्रसारण मंत्रालय डिजिटलीकरण की प्रकिया की निगरानी करेगा। ट्राई ने कहा कि उसके दिशा निर्देशों को पूरा नहीं करने वालों को केबल अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सचिन बने सांसद



भारतीय क्रिकेट के गौरव सचिन तेंदुलकर सांसद बन गए हैं। 4 जून को सचिन ने राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेकर अपनी नयी पारी की शुरुआत कर दी। 39 साल के मास्टर ब्लास्टर ने राज्यसभा के सभापति हामिद अंसारी के कक्ष में शपथ ली। शपथ लेने के साथ सचिन राज्यसभा का सदस्य बनने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। यही नहीं सचिन सांसद बनने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी हैं।

सांसद बनते ही सचिन ने सादगी की नई मिसाल दी। उन्होंने दिल्ली में सांसदों के लिए मिलने वाला बंगला लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका सरकारी बंगले में रहना करदाताओं के पैसे की बर्बादी होगी। मैं कुछ दिन के लिये ही दिल्ली में रहूंगा। मुझे लगता है कि यह सरकारी पैसे की बर्बादी होगी। इससे अच्छा होगा कि यह बंगला उसे दिया जाये जिसे मुझसे ज्यादा जरूरत है। सचिन को बीते 26 अप्रैल को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।

# बबलू पाण्डे बने कामधेनु के अग्रणी डीलर



कामधेनु इस्पात लिमिटेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित करने की लंबी परंपरा रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने बिहार में बक्सर के डीलर बबलू पाण्डे को सबसे अधिक बिक्री करने वाले डीलर के खिताब से नवाजा है।

कृषि उपकरण भंडार, कुरान सराय के बबलू पाण्डे ने वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान दिये गये लक्ष्य से ज्यादा सरिया की बिक्री की। उन्होंने हर महीने दुसरों से कहीं ज्यादा और बेहतर प्रदर्शन किया। बबलू पाण्डे के साथ 25 उप डीलर जुड़े हैं।

बबलू पाण्डे ने बक्सर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने अपने साथ जुड़े उप डीलरों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे कंपनी की बिक्री में जोरदार बढ़ोतरी हो सकी।




# कामधेनु ने पंजाब में किया विस्तार

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के टीएमटी सरिया की मांग लगातार बढ़ रही है। बेहतरीन गुणवत्ता के टीएमटी सरिया की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पंजाब में अपना विस्तार किया है।

विस्तार योजना के तहत कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पंजाब में लाइसेंस समझौते के तहत दो नये अधिकृत फ्रैंचाइजी इकाइयों, मैसर्स रसिक इंडस्ट्रीज और मैसर्स अनुज स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ किया है। 8 जून को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल. डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने फ्रैंचाइजी इकाईयों से पहली गाड़ी को हरी झंडी दिखाई।

इस मौके पर श्री वी के गहलौत, जनरल मैनेजर, कामधेनु इस्पात लिमिटेड एवं रसिक इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर श्री रमेश गोयल, श्री रसिक गोयल तथा अनुज स्टील्स से श्री आनंद मित्तल, श्री अनुज गोयल, श्री रोहित मित्तल तथा पंजाब में कंपनी के अन्य कई डिस्ट्रीब्यूटर भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "दो नई फ्रैंचाइजी इकाइयों से कंपनी पंजाब में कामधेनु इस्पात के उत्पादों की बढ़ती मांग को कहीं बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगी। रसिक इंडस्ट्रीज में एफई 415, एफई 500 और एफई 500 डी जैसे बेहतरीन गुणवत्ता के सरिये का उत्पादन होगा। यहां 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक मोटाई के सरिया का उत्पादन होगा।"

श्री सुनील अग्रवाल के मुताबिक "अनुज स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड में खासकर 6 एमएम मोटाई वाले विभिन्न ग्रेड के सरिया का उत्पादन किया जाएगा। फ्रैचाइजी युनिट में उत्पादों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की देश के विभिन्न राज्यों में 50 से ज्यादा फ्रैंचाइजी इकाइयां हैं। ये इकाइयां कामधेनु के मानकों के हिसाब से विभिन्न उत्पादों का उत्पादन करती हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड एफई 500 और एफई 500डी जैसे विशेषीकृत टीएमटी सरिये का उत्पादन कर रही है। देश में चुनिंदा कंपनियों के पास ही एफई 500 और एफई 500डी श्रेणी के टीएमटी सरिये की उत्पादन की क्षमता है। दो नये फ्रैंचाइजी इकाइयों की मदद से कंपनी अपने ग्राहकों को और आसानी से बेहतरीन गुणवत्ता के स्टील उत्पाद मुहैया करा सकेगी।




बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**मैसर्स सुचित स्टील**
C/o गजरा चैम्बर्स,
कमोद नगर,
मुम्बई-आगरा हाईवे,
नासिक 422009

श्री सतेन्द्र बरतवाल
**मैसर्स बरतवाल हार्डवेयर एण्ड पेन्ट्स,**
मेन बाजार, सेलाकी
फोनः 9917153698

श्री गौरव अग्रवाल / श्री सचिन अग्रवाल
**मैसर्स माँ श्री घंटेश्वरी इन्डस्ट्रीज,**
ओ सी एल एप्रोच रोड,
लाल कंपनी के पास, राजगंगपुर
सुन्दरगढ़, ओड़िशा
फोनः 7873794100, 9853107598

श्री शंकर लाल मोदी
**मैसर्स मदन लाल मोदी**
तलचर टाउन, पोस्ट–तलचर,
ओड़िशा
फोनः 9437043169

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# कामधेनु ने 'गो ग्रीन मूवमेंट' को दी मदद

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने हमेशा ही पर्यावरण को हरा–भरा रखने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में कंपनी ने 30 मई को नई दिल्ली में आर्की डिजाइन ग्रुप के पर्यावरण पर आयोजित कार्यक्रम में सहयोग किया।




'नेट जीरो, ग्रीन होम्स' पर आयोजित इस आर्किट्रेक्चर मीट को संबोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड हमेशा से पर्यावरण के अनुकूल इमारतें बनाने में भरोसा करता रहा है। भवन निर्माण से संबंधित कंपनी के उत्पाद इस मानक पर पूरी तरह खरे उतरते हैं।" इस कार्यक्रम को कामधेनु इस्पात ने प्रायोजित किया था।

श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान कामधेनु के उत्पादों और उनकी पर्यावरण के प्रति अनुकूलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामधेनु पेंट ने हाल ही में लेड फ्री और पर्यावरण के अनुकूल 'शीन एंड शाइन' पेंट पेश किया है। साथ ही कंपनी की गृह निर्माण इकाई कामधेनु होम्ज पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का इस्तेमाल कर रही है। कंपनी की पंजाब और जम्मू प्रोजेक्ट में 300 घरों की क्षमता है जो पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल होंगे।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष और आईजीबीसी के चेयरमैन डॉ. प्रेम सी. जैन ने आर्की डिजाइन के गो ग्रीन अभियान की औपचारिक रूप से शुरूआत की। कार्यक्रम मे उपस्थित विशेशज्ञो ने भी निर्माण परियोजनाओं मे ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिये नवीन प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर जोर दिया।

# भटिंडा में हुई आर्किटेक्ट और इंजीनियर मीट




आर्किटेक्ट और इंजीनियरों को कामधेनु स्टील और अन्य निर्माण उत्पादों के बारे में जागरुक बनाने के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने भटिंडा के **होटल अमसुन प्राइड** में विशाल आर्किटेक्स एवं इंजीनियर मीट आयोजित की।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री वी के गहलौत ने इस मौके पर मौजूद सभी अतिथियों और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। श्री गहलौत ने ग्राहकों के बीच कामधेनु का भरोसा बढ़ाने में सभी सप्लायरों, आर्किटेक्टों और इंजीनियरों के योगदान की सराहना की।

श्री गहलौत ने कहा, "कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय है और हर बार हम अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद एवं सेवाएं देते हैं, जिससे बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है। इस संदर्भ में इंजीनियर, आर्किटेक्ट, कर्मचारी, बिल्डर, डीलर और हमारे फ्रैंचाइजी सहयोगी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कंपनी को पूरा भरोसा है कि अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों की वजह से वो भविष्य में अपनी बाजार हिस्सेदारी और बढ़ा सकेगी।"

इस कार्यक्रम में 60 से ज्यादा जाने माने आर्किटेक्ट और इंजीनियरों के साथ श्री दिनेश राठी और श्री आनंद मित्तल, डिस्ट्रीब्यूटर (पंजाब) और स्थानीय डीलर श्री राम लाल (राम आयरन स्टोर) और श्री कृष्णा जिंदल (गुप्ता आयरन स्टोर) भी मौजूद थे।

इस मौके पर कामधेनु के वरिश्ठ अधिकारियों ने कंपनी के स्टाफ कर्मचारियों का काफी हौसला बढ़ाया। दूसरी तरफ, स्टाफ कर्मचारियों ने भी भविश्य मे बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा जताया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com